ISSN : 2454-308X
Volume : 03
Issue : 05

INNOVATIVE RESEARCH THOUGHTS
REFEREED | PEER REVIEWED

July - September 2017

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का युवाओं पर प्रभाव का एक अध्ययन (महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के संदर्भ)

**Gaurav Narwal**
V.P.O.- Kathura,
Distt.-Sonipat (Haryana).INDIA

## ABSTRACT

आज का युग संचार का युग है। चारों ओर संचार माध्यमों का जाल बिछा हुआ है। उन्हीं संचार माध्यमों में से एक भाग इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भी है। जिसका व्यापक प्रभाव पूरे जनसमूह पर होता है। इस संचार माध्यम से युवा वर्ग काफी मात्रा में प्रभावित होता है। क्योंकि यह माध्यम ध्वनि, दृश्य, गति आदि अनेको विशेषताओं से परिपूर्ण है जो युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करता है और युवा वर्ग भी इलैक्ट्रॉनिक मीडिया की तरफ और अधिक मात्रा में आकर्षित होता है क्योंकि युवा वर्ग हमेशा से कुछ नवीन सीखने या कार्य करने की लालसा लगी रहती है। जब भी हमें किसी खबर को विस्तृत रूप से देखना होता है या उसकी संपूर्ण गाथा देखनी होती है तो हम इलैक्ट्रॉनिक मीडिया का चुनाव करते है। इलैक्ट्रॉनिक मीडिया हमें घटना का एक दम जीवंत रूप से रूबरू करवाता है। जिसका व्यापक प्रभाव युवाओं पर होता है। यह माध्यम बहुत ही तेज गति से अपनी बात को सामने वाले के मस्तिष्क में डाल देता है जिससे मनुष्य प्रभावित तो अवश्य ही होता है। युवा वर्ग इलैक्ट्रॉनिक मीडिया को प्रिंट मीडिया की तुलना में अधिक पसंद करता है। उसके पीछे कारण घटना का जीवंत रूप एवं विस्तृत रूप का प्रसारण ही है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया घटना को तुरन्त युवाओं के समक्ष पहुँचाता है जबकि प्रिंट मीडिया अगले दिन वह घटना युवाओं के समक्ष पहुँचाता है। इस प्रकार से इलैक्ट्रॉनिक मीडिया का युवाओं पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

ISSN 0024-5437
9 770024 543081

**KEYWORDS :** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, युवाओं, प्रभाव, संचार, माध्यम, वर्ग।

**परिचय :**

सूचना क्रान्ति के इस युग में टेलीविजन, रेडियों, इन्टरनेट आदि में अत्याधुनिक तकनीक के प्रयोग के कारण पत्रकारिता में क्रान्तिकारी बदलाव हुए हैं। आधुनिक समय में टेलीविजन, रेडियो, इण्टरनेट के माध्यम से खबरों को त्वरित गति से दर्शक वर्ग तक पहुँचाना पत्रकारिता का मूल दायित्व होता है। जो कि इलैक्ट्रॉनिक माध्यमों के आने के बाद स्पष्ट दिखाई दे रहा है चंद मिनटों में ही सम्पूर्ण राष्ट्र में खबर का प्रसारण हो जाता है या लोगों तक खबर पहुँच जाती है। इलैक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रभाव युवा वर्ग के साथ–साथ अन्य वर्गो पर भी पड़ता है। युवा वर्ग पर व्यापक प्रभाव इसीलिए होता है क्योंकि युवा वर्ग हमेशा से कुछ नया सीखने हेतु लालयित रहता है। युवा वर्ग कभी भी जोखिम लेने में हिचकिचाहट नहीं करता है। वह निडर होता है और नवीन की ओर आकर्षित होता है।

विद्युत् तरंगों से संचालित होने वाले जनसंचार माध्यम इलैक्ट्रॉनिक मीडिया कहलाते है। इनमें टेलीविजन, फिल्म, रेडियो, इण्टरनेट एवं फोटोग्राफी आदि सम्मलित हैं। इन संचार के माध्यमों द्वारा पत्रकारिता करना इलैक्ट्रॉनिक पत्रकारिता भी कहलाता है।

इलैक्ट्रॉनिक शब्द का अर्थ– इलैक्ट्रॉनिक शब्द इलेक्ट्रॉन शब्द से बना है। विज्ञान में रूची रखने वाले व्यक्ति इससे परिचित है। यह द्रव का एक ऋणावेशित कण होता है। इलैक्ट्रॉनिक के अंतर्गत इलेक्ट्रॉन के प्रवाह के सम्पन्न होने वाली क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है। संसार के प्रत्येक क्षेत्र में इलैक्ट्रॉनिक खोजों ने आश्चर्यजनक अविष्कार किये है। टेलीविजन का अविष्कार इसी प्रयोग के द्वारा सम्भव हो सका है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि संचार की आधुनिक रूप में समस्त अविष्कारों की जननी इलेक्ट्रानिकी ही है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे समाचारों, सूचनाओं का सीधा प्रभाव युवाओं के साथ–साथ समाज पर भी पड़ता है। आधुनिक समय में टेलीविजन पत्रकारिता एवं प्रोडक्शन, फोटोग्राफी, एफ. एम. चैनल एवं वेब पत्रकारिता में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर निरन्तर बढ़ते जा रहे है। नवीन सदी की पत्रकारिता में वही पत्रकार टिक पाएगा। जो नवीन तकनीकों से परिपूर्ण होगा। इस प्रकार से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं जिसका प्रभाव निश्चित रूप से युवा वर्ग पर पड़ता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और युवाओं का गहरा संबंध है क्योंकि आज का युग गति का युग है अर्थात् रफ्तार का युग है। धीरे कार्य करना, चलना या कोई अन्य माध्यम, मनुष्य इसी प्रकार से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बहुत ही ज्यादा तीव्र है। वह घटना को हमारे सामने रेसा प्रस्तुत करता है कि मानो घटना बिल्कुल हमारे आगे ही घटित हो रही है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया लाईव कवरेज के माध्यम से सभी अन्य संचार के माध्यमों से कई कदम आगे निकल जाता है और युवा वर्ग को वही पसंद आता है जो सबसे अग्रणी हो क्योंकि युवाओं में भी प्रतिस्पर्धा लगी रहती है कि कौन सबसे अग्रणी होगा। जहाँ एक ओर विश्व में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का वर्चस्व या बोलबाला है वहीं दूसरी ओर

विश्व में चारों ओर युवाओं का बोलबाला है चाहे कोई भी क्षेत्र क्यों न हो। क्योंकि युवा वर्ग ही समाज, राष्ट्र और संसार का भविष्य है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और युवाओं में इस प्रकार से काफी समानताएँ है इन दोनों में गहरा संबंध है। जनसंचार के माध्यमों से हमेशा ही युवा वर्ग ने प्यार किया है। जब से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने लाईव प्रसारण करना शुरू किया है। तब से युवाओं के मध्य इसकी लोकप्रियता में भी वृद्धि हुई है। बिल्कुल अपने सम्मुख घटना को घटित हुए देखना एक अलग ही अनुभव होता है इसमें सच और झूठ का पता चल जाता है। सारी घटना के घटनाचक्र और परिणाम एंव निष्कर्ष से वह परिचित हो जाता है। इस प्रकार से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का बहुत ज्यादा प्रभाव युवाओं पर होता हैं।

**उद्देश्य :**

1. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से युवाओं पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन।
2. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होते हैं का अध्ययन।
3. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्य मीडिया माध्यमों से ज्यादा प्रभावशाली है, का अध्ययन।

**परिकल्पना :**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का युवाओं पर अवश्य ही प्रभाव पड़ रहा होगा। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ओर इसके माध्यम से युवाओं को रोजगार के असवर प्राप्त हो रहे होगे। युवाओं में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को अन्य माध्यमों की तुलना में ज्यादा प्रभावक्षमता देखने को मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं युवाओं में परस्पर संबंध देखने को मिलेगे क्योंकि दोनों एक–दूसरे के समरूप दिखाई पड़ते हैं। आज का युग इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का युग दिखाई पड़ता हैं जिसका व्यापक प्रभाव युवाओं पर देखने को मिलेगा।


**शोध प्रविधि**

**सर्वेक्षण :** यह अध्ययन सर्वेक्षण पद्धति के माध्यम से किया गया है। इस सर्वेक्षण में बंद प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है। आंकड़ों के संग्रह के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के दो विभागों का चयन किया गया है गणित विभाग और बीटेक विभाग से 50–50 युवाओं का चयन किया गया है। जिसमें युवक एवं युवतियाँ दोनों सम्मलित है। इस प्रकार से यह सर्वेक्षण कुल 100 युवाओं पर आधारित है जो कि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के अंतर्गत आते है।


**विवेचना एवं विश्लेषण :** सर्वेक्षण पद्धति के अनुसार महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा के दो विभागों के युवाओं से विभिन्न पहलुओं को दृष्टिगत करते हुए प्रश्न किए गए है जो कि लिखित माध्यम के द्वारा युवाओं के समक्ष प्रस्तुत किए गए है। विविध प्रश्नों पर युवाओं की अलग–अलग राय देखने को मिलेगी।

**प्र. 1– क्या आप इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विषय में जानते हैं?**
**(क) हाँ (ख) नहीं (ग) कुछ हद तक (घ) बहुत अधिक**

**ग्राफ नं. 1** के अनुरूप 52 प्रतिशत उत्तरदाता यह राय रखते है कि वे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विषय में जानते है जबकि 3 प्रतिशत का जवाब है कि नहीं जानते और 41 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि कुछ हद तक जानते है तथा 4 प्रतिशत उत्तरदाता यह मानते है कि वे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विषय मे बहुत अधिक जानते है।




**प्र. 2– क्या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आपको प्रभावित करता है?**
**(क) हाँ (ख) नहीं (ग) कुछ हद तक (घ) बहुत ज्यादा**





**ग्राफ नं. 2** के मतानुसार 48 प्रतिशत उत्तरदाता यह मानते है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उनको प्रभावित करता है जबकि 8 प्रतिशत का मानना है कि नहीं करता है और 25 प्रतिशत उत्तरदाताओं की राय है कि थोड़ा–बहुत प्रभावित करता है जबकि 19 प्रतिशत उत्तरदाताओं की राय है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उनको बहुत ज्यादा प्रभावित करता है।

ISSN : 2454-308X
Volume : 03
Issue : 05

INNOVATIVE RESEARCH THOUGHTS
REFEREED | PEER REVIEWED


July - September 2017

**प्र. 3– क्या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आपको रोजगार के अवसर उपलब्ध होते हैं?**
(क) हाँ (ख) नहीं (ग) कुछ हद तक (घ) बहुत अधिक





**ग्राफ नं. 3** के अनुसार 21 प्रतिशत उत्तरदाताओं की राय है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उनको रोजगार के अवसर उपलब्ध होते हैं जबकि 48 प्रतिशत की राय है कि अवसर प्राप्त नहीं होते है और 29 प्रतिशत के अनुसार कुछ हद तक अवसर उपलब्ध होते है जबकि 2 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से उनको बहुत अधिक मात्रा में रोजगार के अवसर उपलब्ध होते है।

**प्र. 4– क्या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्य मीडिया माध्यमों से बेहतर हैं?**
**(क) हाँ (ख) नहीं (ग) कुछ हद तक (घ) बहुत अधिक**




**ग्राफ नं. 4** के अनुसार 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं का यह मानना है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्य संचार माध्यमों से बेहतर है जबकि 16 प्रतिशत का जवाब नहीं है और 25 प्रतिशत का जवाब कुछ हद तक बेहतर है और 6 प्रतिशत उत्तरदाता यह राय देते है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्य मीडिया माध्यमों की तुलना में बहुत अधिक बेहतर है।

**प्र. 5– अगर आपको अपनी पसंद से चुनाव करने का अवसर प्राप्त हो तो आप किस संचार माध्यम को चुनेगें?**
(क) प्रिंट मीडिया (ख) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया
(ग) दोनों (घ) कोई नहीं




**ग्राफ नं. 5** के अनुसार 26 प्रतिशत उत्तरदाता यह मानते है कि प्रिंट मीडिया बेहतर है और 43 प्रतिशत मानते है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बेहतर है जबकि 27 प्रतिशत का मानता है कि दोनों ही बेहतर है या उसको चुनेगें जबकि 4 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि वे इनमें से कोई भी माध्यम नहीं चुनेगें।

**निष्कर्ष :**
अध्ययन से प्राप्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का युवाओं पर भरपूर प्रभाव पड़ता है। 48 प्रतिशत युवाओं ने यह माना है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उनको प्रभावित करते है। 43 प्रतिशत युवा यह राय भी रखते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्य मीडिया माध्यमों से बेहतर है। 48 प्रतिशत युवाओं की राय है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से उनको रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं होते है। अंतत हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया युवाओं को प्रभावित करता है और युवाओं की पसंद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया है।

## REFERENCES :

1. डॉ देवव्रत सिंह, भारतीय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (2010), प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, पृ. नं. 5,6,301,303
2. पी. के. आर्य, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (2006), प्रतिभा प्रतिष्ठान, नई दिल्ली, पृ. नं. 10,11
3. आर. अनुराधा, न्यू मीडिया (2012), राधाकृष्ण, नई दिल्ली, पृ. नं. 13,14
4. डॉ॰ कृष्ण कुमार रत्तू, ब्रेकिंग न्यूज, टेलीविजन, समय और सच (2009), बुक एनक्लेव जयपुर, पृ. नं. 6,8
5. डॉ॰ अजय कुमार सिंह, इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता (2014), लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद, पृ. नं. 9,10,13,14
6. राकेश कुमार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं साइबर पत्रकारिता (2009), श्री नटराज प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. नं 7,8
7. राम प्रकाश द्विवेदी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सिनेमा (2013), प्रासंगिक पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, पृ. नं. 9,10
8. Dr. Amita Kaur, Career in Electronic Media (2010), Abhishek Publications, Chandigarh-17, page no. 19,24